# University of Hyderabad

## M.A.(Hindi) Entrance Examination – 2012

**Time : 2 Hours** **Max Marks : 100**

## Hall Ticket No..........................

**Instructions :**

Please enter your Hall ticket Number on this page and also on the **OMR** answer sheet **without fail.**

Answers are to be marked on the **OMR** answer sheet only following the instructions provided there upon.

The question paper consists of 100 objective type questions and there will be negative marking of 0.33 mark for every wrong answer as per the University rules.

4-19

# University of Hyderabad

## M.A.(Hindi) Entrance Examination – 2012

सूचना: निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिनमें केवल एक उत्तर सही है. सही उत्तर चुनकर **OMR Sheet** पर यथास्थान चिह्नित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| 1 | पद्माकर किस काल के कवि हैं ?<br>(A) भक्तिकाल (B) रीतिकाल (C) आदिकाल (D) आधुनिक काल |
| 2 | सिख पंथ के प्रवर्तक संत कौन थे ?<br>(A) गुरु गोविंद सिंह (B) गुरु अर्जुन देव (C) गुरु नानक (D) गुरु अंगद |
| 3 | करुण रस का स्थायी भाव क्या है ?<br>(A) करुणा (B) शोक (C) दया (D) सहानुभूति |
| 4 | 'कफ़न' कहानी के लेखक कौन हैं ?<br>(A) प्रेमचंद (B) सुदर्शन (C) मोहन राकेश (D) राजेन्द्र यादव |
| 5 | सूफी कवियों को क्या कहा जाता है ?<br>(A) पुष्टिमार्गी (B) प्रेममार्गी (C) वैष्णवमार्गी (D) इस्लाममार्गी |
| 6 | हिन्दी को कामताप्रसाद गुरु की मुख्य देन है -<br>(A) कथा साहित्य (B) साहित्येतिहास (C) व्याकरण (D) काव्य-सृजन |
| 7 | 'रमैनी' के रचनाकार कौन हैं ?<br>(A) कबीरदास (B) सुन्दरदास (C) दरिया साहब (D) पल्टूदास |
| 8 | जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित नाटक है ?<br>(A) आम्रपाली (B) अजातशत्रु (C) भारत-दुर्दशा (D) आनंद रघुनंदन |
| 9 | इनमें से कौन अष्टछाप के कवि नहीं हैं ?<br>(A) नाभादास (B) सूरदास (C) नंददास (D) चतुर्भुजदास |
| 10 | इनमें से कौन-सी विशेषता 'देवनागरी लिपि' की नहीं है ?<br>(A) उच्चारण और लेखन में एकरूपता<br>(B) शब्द की प्रत्येक ध्वनि का लेखन<br>(C) प्रत्येक वर्ण का निश्चित उच्चारण<br>(D) अनुच्चरित ध्वनियों की लिपिबद्धता |
| 11 | इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?<br>(A) बोली का क्षेत्र भाषा से बड़ा होता है ।<br>(B) बोली सीमित क्षेत्र में बोली जाती है ।<br>(C) हिन्दी साहित्य के अन्तर्गत सभी बोलियों का साहित्य शामिल है ।<br>(D) मानक बोली का विकास खड़ीबोली से हुआ है । |

4-19

| | |
|---|---|
| 12 | निम्नलिखित में से कौन-सा मत आचार्य रामचंद्र शुक्ल का है ?<br>(A) भक्ति आंदोलन हिन्दुओं की पराजित मनोवृत्ति की उपज है ।<br>(B) भक्ति आंदोलन तत्कालीन धार्मिक परिस्थितियों की उपज है ।<br>(C) दक्षिण से उद्भूत भक्ति धारा के विकास के लिए उत्तर भारत में उपयुक्त परिस्थितियाँ पहले से मौज़ूद थीं ।<br>(D) भारत में भक्ति के उदय का स्रोत ईसाइयत है । |
| 13 | निम्नलिखित में से कौन-सी रचना सूरदास की है ?<br>(A) प्रियप्रवास (B) पद्मावत (C) कवितावली (D) साहित्य लहरी |
| 14 | सिद्ध साहित्य के अन्तर्गत सिद्धों की संख्या कितनी मानी जाती है ?<br>(A) 22 (B) 82 (C) 84 (D) 101 |
| 15 | 'बीसलदेव रासो' किस प्रकार की रचना है ?<br>(A) श्रृंगार काव्य (B) भक्ति काव्य (C) गद्यकाव्य (D) आध्यात्मिक काव्य |
| 16 | इनमें से कौन संचार का दृश्य-श्रव्य माध्यम है ?<br>(A) समाचार पत्र (B) वायरलेस (C) टेलिविजन (D) इनमें से कोई नहीं |
| 17 | 'मधुशाला' के रचयिता हैं ?<br>(A) हरिवंशराय बच्चन (B) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' (C) जगदीश गुप्त (D) नरेन्द्र शर्मा |
| 18 | 'कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?<br>(A) उपमा (B) रूपक (C) रूपकातिशयोक्ति (D) यमक |
| 19 | निम्नलिखित रचनाकारों का कालक्रमानुसार सही विकल्प चुनिए ।<br>(A) भारतेंदु हरिश्चद्र, मैथिलीशरण गुप्त, निराला, अज्ञेय<br>(B) अज्ञेय, भारतेंदु हरिश्चंद्र, मैथिलीशरण गुप्त, निराला<br>(C) निराला, मैथिलीशरण गुप्त, अज्ञेय, भारतेंदु हरिश्चंद्र<br>(D) मैथिलीशरण गुप्त, भारतेंदु हरिश्चंद्र, निराला, अज्ञेय |
| 20 | इनमें से कौन छायावाद का कवि नहीं है ?<br>(A) महादेवी (B) जयशंकर प्रसाद (C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (D) केदारनाथ अग्रवाल |
| 21 | 'अंधेर नगरी' के लेखक हैं ?<br>(A) शरद जोशी (B) भारतेन्दु (C) इलाचन्द्र जोशी (D) शेखर जोशी |
| 22 | 'निर्मला' उपन्यास की रचना किसने की ?<br>(A) जयशंकर प्रसाद (B) प्रेमचन्द (C) अज्ञेय (D) यशपाल |
| 23 | 'विद्यापति की पदावली' की काव्य भाषा है --<br>(A) मैथिली (B) अवधी (C) ब्रजभाषा (D) मगही |
| 24 | कबीर के गुरु का नाम है ?<br>(A) वल्लभाचार्य (B) नरहरिदास (C) रामानंद (D) निम्बार्काचार्य |

Y-19

| | |
|---|---|
| 25 | निम्नलिखित में से विरामचिह्नों के सही प्रयोग वाला विकल्प चुनिए ।<br>(A) मेरा भाई, जो एक इंजीनियर है, चेन्नई गया है ।<br>(B) मेरा भाई जो एक इंजीनियर है, चेन्नई गया है ।<br>(C) मेरा भाई, जो एक इंजीनियर है चेन्नई गया है ।<br>(D) मेरा भाई जो एक इंजीनियर है चेन्नई गया है |
| 26 | राजा रतनसेन किस काव्य का केन्द्रीय पात्र है ?<br>(A) मृगावती (B) चित्रावली (C) हंस जवाहिर (D) पद्मावत |
| 27 | 'साहित्य लहरी' किसकी रचना है ?<br>(A) नाभादास (B) सूरदास (C) नंददास (D) कृष्णदास |
| 28 | सूरदास के गुरु का नाम क्या है ?<br>(A) विट्ठलनाथ (B) हरिदास (C) वल्लभाचार्य (D) गोरखनाथ |
| 29 | 'म्हारो तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई' – यह किसकी पंक्ति है<br>(A) मीरांबाई (B) सहजोबाई (C) महादेवी वर्मा (D) शेख रंगरेजन |
| 30 | 'रामचरितमानस' की भाषा है :<br>(A) ब्रज (B) खड़ी बोली (C) अवधी (D) अपभ्रंश |
| 31 | इनमें से कौन-सा कवि रीतिकाल का नहीं है ?<br>(A) भूषण (B) घनआनंद (C) बिहारी (D) श्रीधर पाठक |
| 32 | इनमें से कौन प्रगतिवादी कवि नहीं है ?<br>(A) रामनरेश त्रिपाठी (B) नागार्जुन (C) केदारनाथ अग्रवाल (D) मुक्तिबोध |
| 33 | आर्य समाज के संस्थापक कौन थे ?<br>(A) राजा राममोहन राय (B) स्वामी दयानंद सरस्वती<br>(C) श्रीमती एनि बेसेंट (D) महादेव गोविन्द रानाडे |
| 34 | 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं ?<br>(A) सियारामशरण गुप्त (B) मैथिलीशरण गुप्त (C) माखनलाल चतुर्वेदी (D) रामनरेश त्रिपाठी |
| 35 | 'झांसी की रानी' किसकी रचना है ?<br>(A) महादेवी (B) सुभद्राकुमारी चौहान (C) रामनरेश त्रिपाठी (D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' |
| 36 | 'पल्लव' किस कवि का काव्य संग्रह है ?<br>(A) जयशंकर प्रसाद (B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला (C) सुमित्रानंदन पंत (D) महादेवी वर्मा |
| 37 | 'आधुनिक मीरां' किसे कहा जाता है ?<br>(A) सहजोबाई (B) महादेवी वर्मा (C) सुभद्राकुमारी चौहान (D) विद्यावती कोकिल |
| 38 | 'मधुशाला' के कवि हैं -<br>(A) हरिवंशराय बच्चन (B) रामेश्वर शुक्ल अंचल<br>(C) भगवतीचरण वर्मा (D) जयशंकर प्रसाद |
| 39 | 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था ? |

4-19

| | |
|---|---|
| | (A) दिल्ली (B) लखनऊ (C) कन्याकुमारी (D) मद्रास |
| 40 | निम्नलिखित में से किस नाटक की रचना जयशंकर प्रसाद ने की ?<br>(A) कारवाँ (B) अंबपाली (C) लहरों के राजहंस (D) स्कन्दगुप्त |
| 41 | धर्मवीर भारती कृत 'अन्धा युग' की विधा है ?<br>(A) प्रहसन (B) नाटक (C) नुक्कड़ नाटक (D) गीति नाट्य |
| 42 | 'कलम का सिपाही' किसकी जीवनी है ?<br>(A) प्रेमचन्द (B) जैनेन्द्र (C) अज्ञेय (D) इलाचंद्र जोशी |
| 43 | 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता हैं ?<br>(A) कालिदास (B) भरतमुनि (C) जयदेव (D) भोजराज |
| 44 | इनमें से किसकी गणना रस के अंतर्गत नहीं होती ?<br>(A) श्रृंगार (B) वीर (C) ओज (D) करुण |
| 45 | 'पूस की रात' के लेखक हैं --<br>(A) सुदर्शन (B) जैनेन्द्र (C) प्रेमचन्द (D) इनमें से कोई नहीं |
| 46 | हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक काल को 'आदिकाल' की संज्ञा किसने दी ?<br>(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी (C) बच्चन सिंह (D) जॉर्ज ग्रियर्सन |
| 47 | हिन्दी साहित्य का पहला इतिहास ग्रंथ किस भाषा में लिखा गया ?<br>(A) अंग्रेजी (B) उर्दू (C) फ्रेन्च (D) पुर्तगाली |
| 48 | बिहारी किसके दरबारी कवि थे ?<br>(A) बूँदी-नरेश महाराजा भावसिंह (B) जयपुर-नरेश जयसिंह<br>(C) नागपुर-सूर्यवंशी भोंसले मकरन्दशाह (D) चित्रकूट-नरेश रूद्रदेव |
| 49 | इनमें से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा हैं ?<br>(A) गहराई (B) राम (C) नदी (D) ऊँट |
| 50 | निम्नलिखित शब्दों में दीर्घसन्धिवाचक शब्द कौन सा है ?<br>(A) यद्यपि (B) हिमालय (C) जगन्नाथ (D) प्रत्येक |
| 51 | 'गुड़ गोबर करना' मुहावरे का अर्थ है :<br>(A) बना-बनाया काम बिगाड़ना (B) हँसी उड़ाना (C) बात बढ़ाना (D) हराना |
| 52 | 'Basic needs' का हिन्दी समतुल्य है :<br>(A) निजी आवश्यकताएँ (B) बुनियादी ज़रूरतें<br>(C) रोज़मर्रा की आवश्यकताएँ (D) प्रतिदिन की आवश्यकताएँ |
| 53 | 'Regret' शब्द का हिन्दी में अर्थ है :<br>(A) दुःख (B) वेदना (C) खेद (D) ग्लानि |
| 54 | 'कठोर नियम' के लिए अंग्रेजी का सही अनुवाद है :<br>(A) Hard and fast rules (B) Hard and true rules |

4-19

| | |
|---|---|
| | (C) Hard and first rules (D) Hard and strong rules |
| 55 | 'Report' का हिन्दी समतुल्य शब्द है :<br>(A) आवेदन (B) अनुमोदन (C) सूचना (D) प्रतिवेदन |
| 56 | 'For public benefit' का हिन्दी अनुवाद है :<br>(A) लोक हित के लिए (B) मज़दूरों के हित के लिए<br>(C) खास आदमी के हित के लिए (D) सरकारी हित के लिए |
| 57 | भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी के लिए देवनागरी लिपि का प्रावधान है ।<br>(A) अनुच्छेद 343 (B) अनुच्छेद 344 (C) अनुच्छेद 353 (D) अनुच्छेद 350 |
| 58 | संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत भाषाओं की संख्या है ?<br>(A) 18 (B) 19 (C) 20 (D) 22 |
| 59 | हिन्दी का पहला समाचार पत्र किस शहर से प्रकाशित हुआ था ?<br>(A) दिल्ली (B) इलाहाबाद (C) कलकत्ता (D) मद्रास |
| 60 | निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पश्चिमी-हिन्दी समूह के अंतर्गत नहीं है ?<br>(A) छत्तीसगढ़ी (B) ब्रज भाषा (C) कन्नौजी (D) खड़ी बोली |
| 61 | संस्कृत से हिन्दी में आने वाले शब्दों को कहते हैं -<br>(A) तत्सम (B) तद्भव (C) अर्ध्द-तत्सम (D) देशज |
| 62 | हिन्दी साहित्येतिहास में किस काल को स्वर्ण-काल कहा जाता है ?<br>(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल (C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल |
| 63 | इनमें से कौन-सी रचना आदिकाल के अंतर्गत नहीं आती ?<br>(A) पृथ्वीराज रासो (B) बीसलदेवराज रासो (C) कीर्ति पताका (D) चंदायन |
| 64 | 'परीक्षा गुरु' के लेखक हैं ?<br>(A) भारतेंदु (B) बालकृष्ण भट्ट (C) प्रतापनारायण मिश्र (D) लाला श्रीनिवासदास |
| 65 | 'कुरुक्षेत्र' के रचयिता हैं ?<br>(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) सियारामशरण गुप्त (C) दिनकर (D) बालकृष्ण शर्मा नवीन |
| 66 | "मैं नीर भरी दुख की बदली, उमड़ी कल थी मिट आज चली ।" ---- किसकी पंक्ति है ।<br>(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) रामधारी सिंह दिनकर (C) महादेवी वर्मा (D) नागार्जुन |
| 67 | 'उसने कहा था' कहानी के लेखक हैं ?<br>(A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी (B) रामचंद्र शुक्ल (C) बंग महिला (D) माधवराव सप्रे |
| 68 | 'पद्मावत' किसकी रचना है ?<br>(A) जायसी (B) मंझन (C) कुतबन (D) रहीम |
| 69. | सूर की रचनाएं किस भाषा में हैं ?<br>(A) अवधी (B) खड़ी बोली (C) ब्रज (D) मैथिली |
| 70. | 'विनयपत्रिका' के रचयिता हैं ? |

4-19

| | |
|---|---|
| | (A) तुलसीदास (B) सूरदास (C) कबीर दास (D) कृष्णदास |
| 71. | निम्नलिखित में से कौन रीतिसिद्ध कवि हैं ?<br>(A) द्विजदेव (B) आलम (C) बिहारी (D) सेनापति |
| 72 | 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से कौन प्रसिद्ध है ?<br>(A) माखनलाल चतुर्वेदी (B) मैथिलीशरण गुप्त (C) सियारामशरण गुप्त (D) रामनरेश त्रिपाठी |
| 73. | 'रामचरितमानस' के रचनाकार हैं –<br>(A) कबीरदास (B) सूरदास (C) तुलसीदास (D) केशवदास |
| 74. | 'सूरसागर' किनकी रचना है ?<br>(A) तुलसीदास (B) कृष्णदास (C) कबीरदास (D) सूरदास |
| 75. | 'चंद्रकांता' उपन्यास के लेखक हैं -<br>(A) देवकीनंदन खत्री (B) गोपालराम गहमरी (C) अयोध्या प्रसाद खत्री<br>(D) लाला श्रीनिवास दास |
| 76. | इनमें से कौन 'ईदगाह' कहानी का केन्द्रीय पात्र है –<br>(A) घीसू (B) हलकू (C) हामिद (D) डॉक्टर चड्ढा |
| 77. | 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक हैं -<br>(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) राहुल सांकृत्यायन (C) रामधारी सिंह दिनकर<br>(D) विद्यानिवास मिश्र |
| 78. | निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?<br>(A) मैंने खाना खाया और मेरी भूख मिट गई ।<br>(B) मैं खाना खाया और मेरी भूख मिट गई ।<br>(C) मैंने खाना खाया और मेरा भूख मिट गया ।<br>(D) इनमें से कोई नहीं |
| 79. | वह जमीन पर लोटते हुए चिल्लाया - इस वाक्य में 'लोटते हुए' क्या है ?<br>(A) संज्ञा (B) विशेषण (C) क्रिया विशेषण (D) सर्वनाम |
| 80. | निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का विकल्प चुनिए ।<br>(A) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आए । (B) थोड़ी देर बाद वे लौट आए ।<br>(C) थोड़ा देर बाद वे वापस लौट आए । (D) इनमें से कोई नहीं |
| 81. | 'आचारकुशल' में कौन-सा समास है ?<br>(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव (C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय |
| 82. | 'सदैव' शब्द में कौन-सी सन्धि है ?<br>(A) व्यंजन सन्धि (B) स्वर सन्धि (C) विसर्ग सन्धि (D) इनमें से कोई नहीं |
| 83. | 'तुम अपने कार्य में सफल रहो' - यह किस प्रकार का काव्य है ?<br>(A) संकेतवाचक (B) आज्ञावाचक (C) विस्मयवाचक (D) इच्छावाचक |

4-19

| | |
|---|---|
| 84. | 'उसने लड़के को मिठाइयाँ दी' - में 'लड़के को' का कारक हैं ?<br>(A) करण (B) अपादान (C) संबंध (D) कर्म |
| 85. | भारत में दलित साहित्य का वैचारिक आधार है -<br>(A) गाँधीवाद (B) मार्क्सवाद (C) अंबेडकरवाद (D) लोहियावाद |
| 86. | 'सब धान बाइस पसेरी' का अर्थ है -<br>(A) बहुत सस्ता होना (B) बहुत महँगा होना (C) अच्छा-बुरा सब को एक जैसा समझना<br>(D) बहुत ज्यादा होना |
| 87. | निम्नलिखित में से कौन 'पर्वत' का पर्यायवाची नहीं है -<br>(A) निकर (B) अचल (C) भूधर (D) तुंग |
| 88. | निम्नलिखित में से कौन अर्थालंकार नहीं है ?<br>(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा (C) संदेह (D) वक्रोक्ति |
| 89. | 'राम राम कहु राम सनेही । पुनि कहु रामलखन बैदेही' में कौन-सा छंद है -<br>(A) दौहा (B) चौपाई (C) सवैया (D) घनाक्षरी |
| 90. | 'दोहा' छन्द के विभिन्न चरणों में कितनी मात्राएँ होती हैं ?<br>(A) 13,11 (B) 14,12 (C) 11, 13 (D) 16, 13 |
| 91. | 'आकाश' शब्द का विलोम है -<br>(A) सागर (B) धरती (C) पाताल (D) क्षितिज |
| 92. | 'जिसके पार देखा जा सके' के लिए एक शब्द है -<br>(A) अपारदर्शी (B) पारगम्य (C) पारदर्शी (D) पारदर्शक |
| 93. | 'अतीत' शब्द का अर्थ है -<br>(A) जो कभी बीता नहीं (B) जो बीत रहा है (C) जो बीतेगा (D) बीता हुआ |
| 94. | नाथपंथ के प्रवर्तक थे -<br>(A) गोरखनाथ (B) शंकराचार्य (C) मत्स्येन्द्रनाथ (D) महावीर |
| 95. | इनमें से कौन-सी रचना मलिक मुहम्मद जायसी की नहीं है ?<br>(A) पद्मावत (B) अखरावट (C) आखरी कलाम (D) मृगावती |
| 96. | रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून –में 'पानी' शब्द का अर्थ है -<br>(A) जल (B) स्वाभिमान (C) शुद्ध पेय जल (D) नदी का पानी |
| 97. | 'मित्रता' शीर्षक निबन्ध के रचनाकार का नाम है -<br>(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी (C) कुबेरनाथ राय (D) विद्यानिवास मिश्र |
| 98. | इनमें से कौन जैनेन्द्र की कहानी 'पत्नी' की केन्द्रीय पात्र है -<br>(A) सुखदा (B) सुनीता (C) कल्याणी (D) सुनंदा |
| 99. | निम्नलिखित में से किस कहानी के रचनाकार अज्ञेय हैं ?<br>(A) खेल (B) पाजेब (C) मंत्र (D) शरणदाता |
| 100. | Income tax का हिन्दी समतुल्य है - |
| | (A) आय कर (B) संपत्ति कर (C) सेवा कर (D) भूमि कर |

Y-19